## खबर संक्षेप

### एकमुश्त मिलेगा मार्च व अप्रैल माह का राशन

**कटनी।** खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार माह मार्च और अप्रैल की राशन सामग्री का वितरण एकमुश्त किया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने बताया कि राशन का वितरण 10 मार्च से शुरू होकर 15 अप्रैल तक चलेगा। जबकि राशन उठाव की समय-सीमा 31 मार्च निर्धारित की गई है। उन्होंने सभी पात्र परिवारों को 15 अप्रैल से पहले अपनी उचित मूल्य की दुकान से राशन प्राप्त करने की अपील की है।

### कटनी, ढीमरखेड़ा और विजयराघवगढ़ में आज लगेंगे शिविर

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर संकल्प से समाधान अभियान के तहत शुक्रवार 13 मार्च को विकासखंड कटनी, ढीमरखेड़ा और विजयराघवगढ़ में शिविर का आयोजन किया गया है। इन शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर पात्रों को शासकीय योजना एवं कार्यक्रमों में लाभान्वित कराया जाएगा। आज 13 मार्च को विकासखंड कटनी में ग्राम कैलवारा कला, खडौला, घघरीकला, घघरीखुर्द, चाका, पठरा, पतवारा और बडेरा ग्राम के लोगों के लिए कैलवारा कला में शिविर का आयोजन किया गया है। इसी प्रकार विकासखंड ढीमरखेडा में ग्राम अंतर्वेद, खाम्हा, गोपालपुर, घुघरा, घुघरी, देवरी बिछिया, दशरमन, परसेल, पिपरिया शुक्ल, बरही, बरौदा, मुरवारी, लालपुर और सनकुई ग्राम के लोगों के लिए ग्राम पंचायत दशरमन में शिविर का आयोजन किया गया है। इसी दिन विकासखंड विजयराघवगढ़ में ग्राम कुसमा, कारीतलाई, खिरवा, चरी, जमुआनीकला, टीकर, दुर्जनपुर, धनवाही, परसवारा, बम्हौरी, सलैया, कोहारी, हरदुआ हनुमान एवं हरैया ग्राम के लोगों के लिए ग्राम पंचायत सलैया कोहारी में शिविर का आयोजन किया गया है। जबकि शनिवार 14 मार्च को विकासखंड विजयराघवगढ़ में ग्राम कांटी, घुनौर, जुगिया, जिवारा, देवसरी, इदौर, पडवई, पोनिया, बरहटा, मुडेहरा, मोहास, रजरवारा 1, रोहनिया व सिझहनी ग्राम के लोगों के लिए ग्राम पंचायत कांटी में शिविर का आयोजन किया गया है।

### चेट्रीचंड महोत्सव पर रहेगी विशेष व्यवस्थाएं

**कटनी।** भगवान झूलेलाल वरुण देवता के जन्मोत्सव पर 13 मार्च से 20 मार्च तक तथा चेट्रीचंड कार्यक्रम 20 मार्च के अवसर पर नगर में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में निगम प्रशासन द्वारा की जाने वाली साफ-सफाई, पेयजल प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था हेतु निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा इस संबंध में कार्यवाहक अध्यक्ष झूलेलाल सेवा मंडल कटनी तथा सचिव सिन्धू नौजवान मण्डल गुरूनानक वार्ड के पत्र अनुसार विभिन्न तिथियों में आयोजित होने वाली शोभायात्रा मार्ग, कार्यक्रम स्थल तथा विसर्जन घाट में विशेष साफ सफाई, चूने की लाइनिंग तथा कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करानें हेतु स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया है। वहीं कार्यक्रम के दौरान आवश्यकतानुसार टैंकरों से शुद्ध पानी की व्यवस्था हेतु जल प्रदाय शाखा के साथ ही मुख्य मार्ग, कार्यक्रम स्थल, शोभायात्रा मार्ग एवं विसर्जन घाटों में समुचित प्रकाश व्यवस्था हेतु विद्युत शाखा को निर्देशित किया गया है।

### नवरात्र पर्व की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**सिलौंडी।** मां विरासिनी देवी मंदिर में नवरात्रि की तैयारियां जोरों से तहसीलदार नायब तहसीलदार ने ली बैठक । मां वीरासन देवी मंदिर समिति के आय व्यय पर चर्चा हुई ।नवरात्र के दौरान मां वीरासन में लाइट,पानी ,यातायात व्यवस्था संबधित आवश्यक दिशा निर्देश नायब तहसीलदार ने दिया । इस दौरान मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, चौकी प्रभारी अनिल पांडे,मुख्य पुजारी सौरभ दुबे,सचिव रामचंद्र ,पटवारी ,अमरेश राय ,संतोष विश्वकर्मा सहित रहे ।

---

गर्मी के मौसम में बढ़ जाते हैं अग्नि हादसे, बेपरवाही से भयावह हो सकते हैं हालात

# सुरक्षा मानकों को दरकिनार कर शहर की तंग गलियों में हो रहा करोड़ों का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



गर्मियों के दिनों में अग्निहादसो में बढ़ोत्तरी हो जाती है। मामूली चिंगारी भी भयावह हादसे के रूप में सामने आ सकती है। इस हादसो से बचने और जनधन की क्षति टालने के उद्देश्य से नियम कायदे बनाये गये है लेकिन नगर में सुरक्षा मानको की अनदेखी करते हुये खुलेआम तंग गलियों में ऐसे व्यवसाय चल रहे है जहां अंदर तक आपात स्थिति में फायर वाहन नही पहुंच सकता। तंग गलियों में संचालित होने वाली दुकानों व गोदामों में आग बुझाने कोई इंतजाम नहीं हैं। होने वाले उपायों पर सवाल उठ रहे हैं।

शहर मुख्यालय में कई ऐसे बाजार हैं जहां हर माह करोड़ों रुपये का कारोबार हो रहा है। इन बाजार में अगर सुरक्षा उपायों की बात की जाए तो जिम्मेंदारों की बेपरवाही का आलम यह है कि जरुरत पड़ने पर कई गलियों में फायर ब्रिग्रेड का वाहन ही नहीं घुस पाएगा। मार्केट की हकीकत परखी जाए तो कदम कदम पर लापरवाही के कई उदाहरण सामने आएंगे।

शहर के बाजारों में फायर फाइटिंग का इंतजाम तो छोड़िए, फायर ब्रिगेड की गाड़ियों के पहुंचने के लिए रास्ता तक नहीं है। लापरवाही ऐसी कि एक चिंगारी ही सबकुछ खाक कर दे। शहर के पुराना कमानिया गेट से सब्जी मंडी मोड़ तक फैला मार्केट, बिलैया तलैया मोड़ से लेकर कारगिल चौक तक का मार्केट, गोलबाजार, सुभाष चौक, झूलेलाल मार्केट एरिया, सब्जी मंडी रोड, गुरुनानक वार्ड, सालीमार मार्केट स्टेशन चौराहा के समीप, मिर्चीमल गली मुख्य मार्ग स्टेशन रोड, कारगिल चौक से गजानन टॉकीज रोड, झंडा बाजार एरिया संतोषी माता मंदिर के आसपास, कपड़ा बाजार, सुभाष चौक ऑटो स्टैंड के समीप, घंटाघर से लेकर चांडक चौक तक गलियों का मार्केट, आजाद चौक तक गलियों में बाजार फैला हुआ है। तंग गलियों में बनी दुकानों में बड़े व छोटे अग्निशमन वाहन नहीं पहुंच सकेंगे। प्लास्टिक, तेल-घी, माचिस, परचून, फुटवेयर, कपड़ा, सहित कई ज्वलनशील चीजों से बाजार अटा पड़ा है। दुकानों, गोदामों में आग बुझाने का कोई इंतजाम नहीं है। नियमों को ताक में रखकर गोडाउन के स्थान पर शोरूम संचालित हो रहे हैं। गिनी-चुनी दुकानों पर फायर इस्टिंग्यूशर की व्यवस्था है। मार्केट में तारों के फैले जाल से रोजाना शॉर्ट सर्किट का खतरा रहता है। सड़क पर पार्किंग, इमरजेंसी के दौरान बच निकलने की जगह का अभाव रहता है। सुरक्षा उपकरणों के साथ व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन तो ठीक है लेकिन सिर्फ मुनाफे की फिक्र में कही पर भी दुकानदारी चलाकर जोखिम मोल लेना न स्वयं और दूसरो के लिये भी हितकारी है।

गांधी द्वार जैसी तंग गलियों में होटलो सहित अन्य दुकानों का संचालन हो रहा जहां खतरा मंडराता रहता है। यहां तो आगजनी की स्थिति में फायर वाहन के पहुंचने लायक तक जगह नही बची है। यहां दिन भटटियां धधकती रहती है।

---



# भूकम्प जोखिम प्रबंधन, ध्वस्त संरचना बचाव का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार 5 दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

पाँच दिवसीय प्रशिक्षण के चौथे दिन गुरूवार को वन विभाग के कर्मचारियों और सिविल डिफेंस के सदस्यों को भूकम्प जोखिम प्रबंधन, ध्वस्त संरचना बचाव का प्रशिक्षण दिया गया विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को आपदा का प्रकार, भूकंप में किये जाने वाले प्राथमिक कार्य के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही आपदा से पूर्व एवं आपदा पश्चात संरचनाओं का सुरक्षित निर्माण के संबंध में महत्त्वपूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इसके बाद आपदा खासकर भूकंप के दौरान अपनाये जाने वाले प्राथमिक उपचार व बचाव कार्य के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न आपदा परिस्थितियों में सुरक्षित तरीके से लोगों को बचाने तथा घायल व्यक्तियों को प्रारंभिक उपचार प्रदान करने के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया गया। प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को आपदा के दौरान समन्वित कार्यवाही, संसाधनों के प्रभावी उपयोग तथा टीम वर्क के महत्व के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

---

*शनिवार को प्रस्तावित है सीएम का आगमन, तैयारियां दुरूस्त*

# मुख्यमंत्री के बरही प्रवास की व्यवस्थाओं का विधायक व कलेक्टर ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



विधायक विजयराघवगढ़ संजय सत्येन्द्र पाठक और कलेक्टर आशीष तिवारी ने गुरूवार को यहां बरही पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शनिवार 14 मार्च को प्रस्तावित प्रवास के मद्देनजर तैयारियों का जायजा लिया।

इस दौरान संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, एसडीएम विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ता, नगर परिषद बरही अध्यक्ष पियूष अग्रवाल, एसडीओपी विजयराघवगढ़, तहसीलदार बरही आदित्य द्विवेदी, तहसीलदार विजयराघवगढ़ मनीष शुक्ला, जनपद सीईओ विजयराघवगढ़ बृतेश जैन, टीआई बरही अभिषेक चौबे सहित पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह मौजूद रहे।

विधायक श्री पाठक और कलेक्टर ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रस्तावित प्रवास के दौरान श्री विजयनाथ धाम मंदिर के प्रांगण में होने वाले कृषि महोत्सव कार्यक्रम के मंचीय व्यवस्था, बैठक दीर्घा, कृषि और कृषि से संबंधित विभागों द्वारा यहां लगाये जाने वाले प्रदर्शन स्टालों की व्यवस्थाओं के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिये।

इसके बाद विधायक और कलेक्टर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरही के परिसर में बने हेलीपैड स्थल का भी निरीक्षण किया और आभार रैली रोड शो के मार्गों का जायजा लिया। कलेक्टर श्री तिवारी ने मौके पर मौजूद एसडीओपी एवं टीआई को यातायात व्यवस्था व्यवस्थित करने की हिदायत दी।

विधायक और कलेक्टर ने बरही के बड़ा तालाब पहुंचकर यहां जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किये जाने वाले तालाब सौंदर्यीकरण कार्य के शुभारंभ स्थल का अवलोकन किया। आभार रैली रोड शो बड़ा तालाब से सुभाष चौक, अमन बुक डिपो, कमानिया गेट से होते हुये श्री विजयनाथ धाम मंदिर स्थित सभास्थल पहुंचेगा।

---

## छात्राओं को डेयरी एवं जैविक कृषि फार्म का कराया भ्रमण



रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में अध्यनरत छात्राओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए श्याम श्री गौ संरक्षण गौशाला एवं जैविक कृषि तेवरी का भ्रमण कराया गया। जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा केंचुआ खाद निर्माण की सामान्य एवं चार गड्ढा विधि वर्मी वाश के निर्माण एवं फसलों में उपयोग के अवलोकन कराया गया। कृषक पवन कुमार पांडे ने गौशाला प्रबंधन गाय की विभिन्न नस्ल साहिवाल गिर हरियाणा तथा उनसे प्राप्त होने वाले दूध की मात्रा संतुलित पशु आहार नेपियर घास गोबर गोमूत्र का जैविक खेती में उपयोग गायों में विभिन्न रोग एवं उनके नियंत्रण तथा टीकाकरण की जानकारी दी गई। छात्राओं को प्रकाश खाद एवं ईंधन उपयोग के लिए बायोगैस संयंत्र तथा अजोला के निर्माण का अवलोकन कराया गया। अजोला का उपयोग दूध के अधिक उत्पादन के लिए किया जाता है। क्योंकि इसमें 25 से 30% प्रोटीन पाया जाता है! एजोला का उपयोग धान में करने से नाइट्रोजन स्थिरीकरण करने के कारण नाइट्रोजन की एक तिहाई मात्रा कम देनी पड़ती है। भ्रमण के समय महाविद्यालय की अतिथि व्याख्याता डॉ प्रवीण गर्ग उपस्थिति रही।

---

# नवीन शैक्षणिक सत्र को लेकर तैयारियां, स्कूलों को पाठ्य पुस्तकों का वितरण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



सरकारी व निजी स्कूलों में 1 अप्रैल से फिर घंटी सुनाई देगी। स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से शुरू होगा। इसके लिए स्कूलों के लिए नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 में नामांकन एवं पुनर्भ्यास संबंधी दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।नवीन शैक्षिक सत्र 2026 -27 के लिए बहोरीबंद विकास खंड अंतर्गत संचालित शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों को छात्रों के लिए निशुल्क पाठपुस्तकों का वितरण जनपद शिक्षा केंद्र बहोरीबंद से विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज गर्ग के द्वारा विद्यालयों के प्राचार्यो को किया गया।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज गर्ग ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 1 अप्रैल को प्रवेश उत्सव के समय ही समस्त छात्रों को नि शुल्क पाठ्यपुस्तक एवं निशुल्क साइकिल का वितरण किया जाना सुनिश्चित करें एंव प्रवेश उत्सव में जनप्रतिनिधि, पालको को आमंत्रित कर कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा । 1 अप्रैल से ही छात्रों को पढ़ाई के साथ छात्रों को शासन द्वारा प्रदान की जा रही समस्त शासकीय सुविधा प्राप्त हो सके । विकासखंड के अंतर्गत संचालित सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी विद्यालय के प्राचार्य को निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण हेतु पुस्तकें वितरित की गई तथा निर्देश दिए गए कि छात्रों को प्रवेश उत्सव के प्रथम दिवस ही निशुल्क पाठ पुस्तकों का वितरण किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

पाठ्यपुस्तक वितरण मे पुस्तक प्रभारी शील कुमार जैन, रामनरेश यादव, रमेश पांडे उपस्थित हुए।

---

### निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदन आज से

**कटनी।** शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026–27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से प्रारंभ होंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित की गई है। आर.टी.ई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्देश उपलब्ध कराये गए हैं। निजी विद्यालय में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन, ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल 2026 को किया जायेगा। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026–27 में निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। समय-सारिणी एवं दिशा निर्देश आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं। सत्र 2026-27 के लिए जारी समय सारिणी के अनुसार, निःशुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट्स का पोर्टल पर प्रदर्शन 9 मार्च 2026 से किया जाएगा। वहीं वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के आवेदक अपना आवेदन, ऑनलाइन प्रक्रिया से 13 मार्च से 28 मार्च के बीच जमा कर पंजीयन कर सकते हैं।

---

# करोड़ों से बन रहे नवीन हाई स्कूल भवन निर्माण में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

बरही तहसील अंतर्गत व जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत बुजबुजा में करोड़ों की लागत से निर्माणाधीन नवीन हाई स्कूल भवन निर्माण में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी के आरोप स्थानीय ग्रामीणों ने लगाये हैं। एजेंसी लोक निर्माण विभाग कटनी के माध्यम से ठेकेदार कृतिका कंस्ट्रक्शन कंपनी शाहपुर जिला उमरिया के द्वारा भवन का निर्माण किया जा रहा है जिसका समयावधि 12 माह हैं। भवन निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री में गुणवत्ता की जांच जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा नहीं की जा रही है जिस पर अनियमितताओं के आरोप लग रहे हैं। क्षेत्र वासियों के द्वारा बताया गया कि सीमेंट एवं रेत कम गुणवत्ता वाली उपयोग की जा रही है वहीं लोहा की मात्रा भी कम है।

ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में इसी ठेकेदार द्वारा छात्रवास हायर सेकेंड्री खितौली की बाउंड्री बाल निर्माण कार्य के दौरान तत्कालीन कलेक्टर ने गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग करने पर बाउंड्री तुड़वाकर दोबारा से बनाने का काम कराया गया था। नवीन हाईस्कूल भवन निर्माण सामग्री को



लेकर ग्रामीणों द्वारा जो आरोप लगाये जा रहे हैं इसी सच्चाई तो जांच के बाद ही सामने आएगी। बताया जाता है कि उपयंत्री कौन है, कब आते हैं आते भी हैं कि नहीं इसकी जानकारी नहीं है।

#### इनका कहना है

इस संबंध में सब इंजीनियर मनोज झरिया पीआईयू कटनी का कहना है कि ठेकेदार को हिदायत दी गई है निर्माण कार्य में सुधार लाया जावें व गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जायें।

---

निगमायुक्त ने अमृत 1.0 व 2.0 योजनाओं के कार्यों की समीक्षा कर दिए निर्देश

# श्रद्धालुओं को न हो कोई परेशानी, नवरात्रि के पूर्व करें रेस्टोरेशन का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम की निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने गुरुवार को आयोजित समीक्षा बैठक में अमृत 1.0 एवं अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत सीवरेज एवं सेप्टेज प्रोजेक्ट कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों व निर्माण एजेंसियों को कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित समय-सीमा में सभी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

#### नवरात्रि से पूर्व सड़क रेस्टोरेशन करें पूर्ण

नगर निगम क्षेत्र में सीवर लाइन विस्तार कार्य के चलते खोदी गई सड़कों को लेकर निगमायुक्त ने निगमायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी नवरात्रि पर्व से पहले संबंधित क्षेत्रों की सड़कों का स्थायी रेस्टोरेशन कार्य भी पूर्ण कर लिया जाए, जिससे धार्मिक आयोजनों एवं नागरिकों के आवागमन के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन स्थानों पर सीवर लाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदी गई हैं, वहां बारिश शुरू होने से पहले मार्टरबेल (अस्थायी भराई) का कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए, ताकि आम नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

#### 31 मार्च के पूर्व पूर्ण करें एसटीपी का शेष कार्य

साथ ही निगमायुक्त ने समीक्षा बैठक के दौरान अमृत 1.0 एवं 2.0 योजनाओं के अंतर्गत प्रगतिरत



एसटीपी निर्माण, पाइपलाइन विस्तार, मैनहोल निर्माण तथा हाउस सर्विस कनेक्शन के कार्यों की क्षेत्रवार प्रगति की जानकारी ली गई। अमृत 1.0 योजना अंतर्गत सीवरेज प्रोजेक्ट अंतर्गत जोनवार लंबित कार्यों, हाउस सर्विस कनेक्शन हेतु अतिरिक्त मैनपावर तथा मशीनरी लगाने की हिदायत देते हुए संविदाकार को पुनरीक्षित वर्क प्लान प्रस्तुत करने , माधवनगर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट-1 के शेष कार्यों को 31 मार्च के पूर्व पूर्ण करने तथा घरों को सीवर लाइन से जोड़कर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का ट्रायल रन प्रारंभ कराने के निर्देश भी दिए।

#### सुरक्षा मानकों का रखें विशेष ध्यान

अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए संविदाकार ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रमांक 17 एवं रामजानकी हनुमान वार्ड क्रमांक 18 में लगभग 3.8 किलोमीटर सीवर लाइन विस्तार का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं शेष कार्य प्रगतिरत है। इस पर निगमायुक्त ने कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करने, नागरिकों के आवागमन में हो रही असुविधाओं से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण करने तथा सड़क रेस्टोरेशन कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

#### कठिनाईयो की ली जानकारी

बैठक के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी से कार्य में आ रही कठिनाइयों की जानकारी ली और अधिकारियों को समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव, पीडीएमसी के एआरई सौरभ नौगजा,संविदाकार के प्रतिनिधि करण पटेल, हार्दिक मोरडिया सहित अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

---

# लोक अदालत कल, अधिभार में दी जाएगी विशेष रियायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम द्वारा 14 मार्च को प्रातः 10 बजे से नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर के पांच स्थलों नगर निगम कार्यालय, बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास, दुर्गा चौक खिरहनी, माधवनगर उप कार्यालय एवं सुभाष चौक कटनी में किया जाकर नागरिकों को बकाया कर जमा करने पर अधिभार में शत प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जायेगी।

राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में नगर निगम, द्वारा संपत्ति कर एवं जलकर के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मंत्रालय भोपाल द्वारा अधिभार (सरचार्ज) में विशेष छूट प्रदान की जा रही हैं। इसके अंतर्गत संपत्ति कर के 50,000 रुपये तक बकाया प्रकरणों में अधिभार पर 100 प्रतिशत छूट, 50,000 रुपये से अधिक एवं 1,00,000 रुपये तक के प्रकरणों में 50 प्रतिशत छूट तथा 1,00,000 रुपये से अधिक बकाया प्रकरणों में अधिभार पर 25 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जायेगी। इसी प्रकार जल उपभोक्ता प्रभार जलकर के 10,000 रुपये तक बकाया प्रकरणों में अधिभार पर 100 प्रतिशत छूट, 10,000 रुपये से अधिक एवं 50,000 रुपये तक के प्रकरणों में 75 प्रतिशत छूट तथा 50,000 रुपये से अधिक बकाया प्रकरणों में अधिभार पर 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जायेगी। यह छूट वन टाइम सेटलमेंट के रूप में दी जाएगी छूट उपरांत शेष राशि अधिकतम दो किस्तों में जमा की जा सकेगी।

**खबर संक्षेप**

## रेडक्रॉस सोसायटी की प्रबंधकारिणी की हुई बैठक

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा कटनी की प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में स्टेट चेयरमैन सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी डॉ. श्याम सिंह कुमरे उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. कुमरे ने रेडक्रॉस सोसायटी के जनहितैषी उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस का मूल मंत्र पीड़ित मानवता की निस्वार्थ सेवा है। डॉ. कुमरे ने कटनी जिला शाखा द्वारा संचालित गतिविधियों की सराहना करते हुए इसे सेवा कार्यों में सदैव तत्पर रहने वाली इकाई बताया। बैठक के दौरान उत्कृष्ट सेवाओं और योगदान के लिए पूर्व सचिव एवं सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय डॉ. यशवंत वर्मा एवं पूर्व राज्य कार्यकारिणी प्रतिनिधि पवन बजाज को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने उनके कार्यों को अन्य सदस्यों के लिए प्रेरणादायी बताया।

## एसडीएम, तहसीलदारों को दिया गया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**कटनी।** जिले में आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार 5 दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिले के समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों की प्रक्रिया, खोज एवं बचाव तकनीक के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञ प्रशिक्षक वीके द्विवेदी सहायक प्राध्यापक शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी के द्वारा प्रतिभागियों को आपदा का प्रकार, भूकंप में किये जाने वाले प्राथमिक कार्य के बारे में जानकारी दी गई। तत्पश्चात द्वितीय विशेषज्ञ प्रशिक्षक अशोक जोशी, अभियंता, परियोजना कार्यान्वयन इकाई पीआईयू विभाग द्वारा आपदा से पूर्व एवं आपदा पश्चात संरचनाओं का सुरक्षित निर्माण के संबंध में महत्त्वपूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके बाद राजेन्द्र सिंह बघेल जिला होमगार्ड कमांडेंट द्वारा आपदा खासकर भूकंप के दौरान अपनाये जाने वाले प्राथमिक उपचार व बचाव कार्य के संबंध में एसडीआरएफ के समन्वय से प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न आपदा परिस्थितियों में सुरक्षित तरीके से लोगों को बचाने तथा घायल व्यक्तियों को प्रारंभिक उपचार प्रदान करने के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया गया।

## वार्डों में दवा का छिड़काव

**कटनी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए शहर में वृहद स्तर पर फॉगिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है। शहर के तीन वार्डों आंबेडकर वार्ड , रघुनाथ गंज वार्ड तथा ईश्वरी पुरा वार्ड में विभिन्न मुख्य एवं अन्य मार्गों सहित बस्तियों में फॉगिंग मशीन के माध्यम से रासायनिक दवा का छिड़काव किया गया, जिससे मच्छरों की संख्या पर नियंत्रण किया जा सके।

### मार्च महीने में ही तेज गर्मी से हालत होने लगी पतली, चलने लगे कूलर

# हाल बेहाल: आग की लपटों सी चुभ रही सूर्य की तपिश, सितम ढा रही तेज गर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



इस वर्ष गर्मी का मौसम कुछ ज्यादा ही गर्म दिखाई दे रहा है। अभी मार्च माह का पहला पखवाड़ा भी नहीं बीता और सूर्य की तपिश इस कदर बढ़ गई है कि लोग कुछ देर धूप में खड़े होने पर पसीना पसीना हो जाते हैं। आगामी समय में गर्मी और कितना उग्र रूप लेगी यह सोचकर ही हालत पतली हो जाती है। अमूमन तेज चिलचिलाती गर्मी मई और जून माह में होती है लेकिन इस बार मार्च महीने में भी गर्मी के मौसम से हाल बेहाल होने लगे हैं। दिनों दिन गर्मी का सितम बढ़ता ही जा रहा है। दोपहर होते होते गर्म हवा के थपेड़े शरीर को बेध रहे हैं। मौसम का अभी तल्ख तेवर देख आशंका जताई जा रही है आने वाला समय खास मुश्किल भरा हो सकता है। चिलचिलाती गर्मी ने लोगों को बेहाल करके रख दिया है। सूर्य देवता आग उगल रहे है। पंखे में रात काटना मुश्किल हो गया है। गर्मी के साथ ही एसी, कूलर की मांग बढ़ने लगी है। सड़क किनारे कूलरों में लगने वाली खस की दुकानें सज गई है। इसके साथ ही ब्राडेड की आड़ में लोकल कूलरों ने बाजार पर कब्जा जमा रखा है।

### दोपहर से अधिक परेशानी

गर्म हवाओं के चलने से तापमान बढ़ने लगा है। सुबह 10 बजे के बाद से ही तेज धूप चुभने लगती हैं। 12 बजे के बाद धूप की तपिश काफी बढ़ जाती है। भले ही उमस भरी गर्मी अभी शुरू नहीं हुई है, फिर भी छांव में बैठने पर भी तपिश महसूस की जा रही थी। भीषण गर्मी तो अभी आगामी समय में आने वाली है लोगों को अभी करीब तीन महीने तक गर्मी से छुटकारा मिलने के आसार नहीं दिख रहे है। तेज धूप और उसम के कारण लोग अपने घरों में कैद रहते हैं। रोजमर्रा से कार्य के लिए निकलने वाले लोग घरों से छतरी व गमछा बांधकर निकलते हैं। गर्मी के कारण लोग बुरी तरह से बेहाल हैं। बिजली कटौती से भी लोग परेशान नजर आ रहे हैं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार मौसम की मार अभी और बढ़ सकती है।

### जलस्तर में भी गिरावट जारी

इस साल समय से पहले ही भीषण गर्मी होने के चलते लोग बेहाल होने लगे हैं। वहीं बिजली, पानी की किल्लत भी लोगों को परेशान किए है। कई इलाकों में हैंडपंप जवाब देने लगे हैं। कई ग्रामों के लोग पीने के पानी के लिए सार्वजनिक हैंडपंपों पर ही आश्रित हैं। गर्म हवाओं ने लोगों का सड़कों पर निकलना मुश्किल कर दिया है।

### खानपान पर रखें संयम

गर्मी में खानपान को लेकर विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। शरीर से अत्यधिक मात्रा में पसीना निकलने से जहा डीहाइड्रेशन की समस्या परेशान करती है, वहीं गंदगी भी कई बीमारियों की वजह बनती है। ऐसे में खाने-पीने का खास खयाल रखा जाए तो शरीर कमजोर होने और बीमारी की आशका काफी कम हो जाती है। दूसरी तरफ खाने-पीने में लापरवाही और कुछ अन्य जरूरी बातों का ध्यान न रखने पर मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इस मौसम में शरीर में पानी का स्तर ठीक रखना बेहद जरूरी है।



## विद्यालय पहुंचकर मध्यान्ह भोजन का आकस्मिक निरीक्षण कर लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर विभागीय योजनाओं और गतिविधियों में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों द्वारा सतत रूप से भ्रमण कर निगरानी की जा रही है।

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा सीईओ यजुवेंद्र कोरी ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत भटग़वां के ग्राम झुनकी, महनेर और झीर्री में प्रगतिरत जल संरचनाओं तालाबों का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर सूचना पटल लगाते हुए निर्देशों के अनुसार समग्र वांछित जानकारी अंकित किया जाना सुनिश्चित करें। श्री कोरी ने बारिश के पानी को सहेजने और संरक्षित करने तालाबों को तकनीकी मानकों का पालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। शासकीय प्राथमिक शाला झुनकी में मध्यानह भोजन कक्ष का निरीक्षण किया। जनपद पंचायत के सीईओ श्री कोरी ने प्राचार्य और शैक्षणिक स्टाफ को निर्धारित मेन्यू के अनुसार स्वच्छता के साथ स्वादिष्ट भोजन एवं शुद्ध पेयजल छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सहायक शिक्षक अतुल मेहरा अनुपस्थित पाए गए। जनपद पंचायत सीईओ ने कक्षा दूसरी एवं तीसरी के छात्रों से पढ़ाई लिखाई के संबंध में संवाद कर एवं सवाल पूछे।

उन्होंने ग्राम पंचायत को विधालय की बाउंड्री बनाने 15 दिन में वित्त से एस्टीमेट का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा सीईओ ने झुनकी गांव में चल जीवन मिशन के कार्यों एवं योजना परियोजना का आकस्मिक निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ कर पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समय सीमा को ध्यान में रखते हुए सभी मदों से स्वीकृत कार्य पूर्ण कराएं।

*क्षेत्र में विकास कार्य को लेकर नागिरकों एवं मातृ शक्तियों ने महापौर का जताया आभार*

## खेरमाई मंदिर परिसर में बाउंड्रीवॉल एवं शेड निर्माण का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों को गति देने के क्रम में वंशरूप वार्ड अंतर्गत खेरमाई मंदिर, चंदी की दफाई क्षेत्र में बाउंड्रीवॉल एवं शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक एवं क्षेत्रीय पार्षद सुमित्रा रावत की उपस्थिति में वार्ड की महिला श्रीमती ममता द्विवेदी से विधिवत पूजा-अर्चना कराकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के प्रत्येक वार्ड में नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। मंदिर परिसर में बाउंड्रीवॉल और शेड निर्माण होने से क्षेत्र अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित होगा, जिससे श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि नगर के धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों के विकास को प्राथमिकता देते हुए इस प्रकार के कार्य आगे भी निरंतर किए जाते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना ही नहीं, बल्कि शहर के प्रत्येक क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना भी है। इसी दिशा में सड़कों, नालियों, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है, ताकि नागरिकों को बेहतर वातावरण और सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद सुमित्रा रावत ने कहा कि वंशरूप वार्ड में लंबे समय से मंदिर परिसर की सुरक्षा और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की मांग की जा रही थी। बाउंड्री वॉल एवं शेड निर्माण कार्य प्रारंभ होने से श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी और मंदिर परिसर अधिक सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि वार्ड के विकास के लिए आगे भी इसी प्रकार कार्य किए जाते रहेंगे। भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने इस विकास कार्य के लिए महापौर एवं क्षेत्रीय पार्षद का आभार व्यक्त किया।

## निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



निगम प्रशासन एवं जिला चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में निगम कार्यालय में वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में जिला चिकित्सालय के मेडिकल विशेषज्ञ, सर्जिकल विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा नर्सिंग स्टाफ द्वारा नगर निगम के लगभग 355 अधिकारियों एवं कर्मचारियों का नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श और दवाइयां भी प्रदान की गईं। शिविर में जिला चिकित्सालय की चिकित्सक टीम द्वारा 300 से अधिक कर्मचारियों की ब्लड प्रेशर जांच तथा 85 कर्मचारियों की शुगर जांच के साथ रूटीन हेल्थ चेकअप एवं अन्य सामान्य रोगों की जांच की गई। परीक्षण के उपरांत आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी गई तथा लगभग 110 से अधिक कर्मचारियों को निशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। शिविरों का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराना है।

## खरपतवार नींदा प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग का प्रशिक्षण जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया गया। यह प्रशिक्षण महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुषमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर अरुण कुमार सिंह के सहयोग से दिया गया। विद्यार्थियों को खरपतवार प्रबंधन के अंतर्गत जानकारी देते हुये बताया गया कि खरपतवार वह पौधा है, जो कृषि के लिए हानिकारक होता है। खरपतवार फसलों से जल, सूर्य प्रकाश, स्थान और पोषक तत्व आदि के लिए प्रतियोगिता करके फसल उत्पादन को घटा देते हैं तथा कीट व्याधियों के लिए आश्रय पौधों के रूप में कार्य करते हैं। इसके अलावा फसल कटाई के समय परिपक्व खरपतवार भी साथ में आ जाते हैं और उत्पाद की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं।

प्रशिक्षण के दौरान जैविक खरपतवार नियंत्रण के अंतर्गत कृषिगत विधियों के अंतर्गत भू परिष्करण पद्धति, स्वच्छता, फसल चक्र, आच्छादन, फसलें, अंतरवर्तीय खेती, पलवार मल्चिंग का उपयोग, फसलों की बुवाई का समय, निस्तेज बीज क्यारी, किस्म का चुनाव, बीज बुवाई दर, निंदाई गुड़ाई, सिंचाई एवं जल निकास नालियों के क्षेत्रफल में कमी, भूमिगत टपक सिंचाई, यांत्रिक विधियों के अंतर्गत खरपतवारों को हाथ से उखाड़ना, हस्त चलित यंत्रों से निंदाई गुड़ाई करना, बाढ़ द्वारा खरपतवार नियंत्रण करना, तापीय खरपतवार नियंत्रण एवं जैविक नियंत्रण की विधियों का तकनीकी प्रशिक्षण विद्यार्थियों को दिया गया। जिससे कृषि में लागत कम हो एवं खरपतवारों से कम से कम नुकसान हो। बताया गया कि यदि खरपतवारों का नियंत्रण न किया जाए तो फसलों की उपज में 30 से 50 प्रतिशत तक की कमी हो सकती है।

*ग्राम की आवश्यकताओं एवं समस्याओं के समाधान की दी जानकारी*

## कल्हैया खुर्द में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



विकासखंड बहोरीबंद में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशानुसार नवांकुर योजना अंतर्गत नवांकुर संस्था ग्राम विकास राय बहादुर समिति, कौड़ियां द्वारा सेक्टर कौड़ियां के अंतर्गत गठित समस्त ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित आदर्श ग्राम कल्हैयाखुर्द में किया गया।कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सेक्टर प्रभारी भूपेंद्र दाहिया द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं विषय-वस्तु पर प्रकाश डालते हुए त्रैमासिक कार्यों की समीक्षा की गई। चाय-नाश्ते के पश्चात रामेश्वर पटेल एवं सोमनाथ प्रधान द्वारा प्रेरणा गीत के माध्यम से उपस्थित समितियों को जागरूक किया गया।

विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह ने मप्र जन अभियान परिषद की अवधारणा, स्वैच्छिकता, सामूहिकता एवं स्वावलंबन पर आधारित प्रेरणादायक प्रसंगों के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रेरित किया। विशेष प्रेरणास्त्रोत परामर्शदाता अवधेश बैरागी ने समग्र ग्राम विकास के लिए ग्राम पंचायत में बेसलाइन सर्वे कर ग्राम की आवश्यकताओं एवं समस्याओं की पहचान कर आपसी सहयोग से उनके समाधान पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार की परंपरा हमारे पूर्वजों के समय से चली आ रही है।भोजन अंतराल के बाद परामर्शदाता रामसिंह पटैल ने समितियों के दस्तावेजीकरण पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं परामर्शदाता आशीष तिवारी ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम की जानकारी दी। नवांकुर संस्था के मनोज कुमार एवं प्रस्फुटन समिति के सुमित परौहा द्वारा की गई गतिविधियों की जानकारी दी गई। पूजा पटेल द्वारा उपस्थित नवांकुर सखियों को रोजगार एवं स्वरोजगार के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया।

प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों को जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर बहादुर सिंह अध्यक्ष, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कल्हैयाखुर्द ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

### 63 उत्पादक समूहों की समीक्षा सह कार्यशाला आयोजित

## ग्रामीण उत्पादों की पहचान बढ़ाने गुणवत्ता और ब्रांडिंग पर देना होगा जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



उत्पादक समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम हैं। यदि समूह संगठित होकर कार्य करें और अपने उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग तथा ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान दें तो स्थानीय स्तर पर तैयार होने वाले उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर तक पहचान दिलाई जा सकती है। ये बातें जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कहीं । सुश्री कौर ने कहा कि समूहों को आधुनिक विपणन तकनीकों को अपनाने, डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग करने तथा बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादन किया जा सकता है। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल उत्पादन ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि गुणवत्ता, आकर्षक पैकेजिंग और सशक्त ब्रांडिंग के माध्यम से ही उत्पादों को बेहतर बाजार मिल सकता है। उन्होंने समूहों को नवाचार के साथ कार्य करते हुए स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग करने और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से आय में वृद्धि करने के लिए प्रेरित किया ।

कार्यशाला के दौरान विभिन्न उत्पादक समूहों द्वारा संचालित गतिविधियों, उनकी उपलब्धियों तथा सामने आने वाली चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई । अधिकारियों द्वारा समूहों को व्यवसायिक दृष्टिकोण से कार्य करने, उत्पादन की गुणवत्ता बनाए रखने, बेहतर पैकेजिंग विकसित करने तथा उत्पादों को सीधे बाजार से जोड़ने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही समूहों को बताया गया कि संगठित रूप से कार्य करते हुए वे अपने उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुंचाकर आय के नए अवसर प्राप्त कर सकते हैं। जिला पंचायत सभागार में मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अन्त"र्गत जिले में गठित 63 उत्पादक समूहों की एक दिवसीय समीक्षा सह कार्यशाला का आयोजन आशीष तिवारी कलेक्टर जिला कटनी के निर्देश पर किया गया।

कार्यशाला में समूहों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई तथा उन्हें आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने समूहों से सामूहिकता, नवाचार और आत्मविश्वास के साथ कार्य करते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक सीमा शुक्ला, संजय कुमार सोंधिया, प्रदीप कुमार जैन एवं अजय पाण्डेय के साथ ही विकासखण्ड प्रबंधक सूर्यप्रताप सिंह बघेल, उभय श्रीवास्तव, विवेक द्विवेदी, धर्मेन्द्र गुप्ता, जया कोष्टी एवं राजेश पाण्डेय उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जिले के विभिन्न विकासखण्डों से आए बड़ी संख्या में उत्पादक समूहों के सदस्य, सीएलएफ के अध्यक्ष, सचिव भी कार्यशाला में शामिल हुए और अपने अनुभव साझा किए।

कार्यशाला के माध्यम से उत्पादक समूहों को व्यवसायिक दृष्टिकोण, गुणवत्ता प्रबंधन, ब्रांडिंग तथा बाजार से जुड़ाव के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे भविष्य में ग्रामीण उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने और समूहों की आय में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।

## सुचारू और समयबद्ध जनगणना कार्य करने ढीमरखेड़ा में आयोजित हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिला प्रशासन की मंशा के अनुसार सुचारू, समयबद्ध जनगणना कार्यक्रम के अनुसार डिजिटल साधनों का उपयोग करते हुए सजकता, सटीकता एवं पारदर्शिता के साथ किए जाने हेतु बैठक जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अधिकारी युजवेंद्र कोरी, तहसीलदार ,नायब तहसीलदार और अन्य राजस्व अधिकारियों के साथ आयोजित हुई।

अधिकारियों ने ग्राम पंचायत के सचिव ,ग्राम रोजगार सहायक और पटवारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनगणना कार्य राष्ट्रीय कार्य है। इसे पूरे मनोयोग से समय सीमा में जनगणना कार्यक्रम के अनुसार प्राथमिकता देते हुए संपादित करें। यह आपकी अपनी दक्षता और अनुभवों को समृद्ध करने का बेहतर अवसर है। अधिकारियों द्वारा जनगणना कार्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया ताकि जनगणना कार्य पूरी शुद्धता के साथ त्रुटि विहीन हो सके।

जनगणना बैठक के पश्चात जनपद पंचायत के सीईओ श्री कोरी ने विभागीय योजनाओं मनरेगा, स्वच्छ भारत अभियान ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, ई केवाईसी आयुष्मान कार्ड, अपूर्ण कार्यों को मानकों के अनुरूप नियत समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण कराने ग्राम पंचायत वार विस्तार से समीक्षा की। ग्राम पंचायतों को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार प्रगति लाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में ग्राम पंचायतों के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या निवारण एवं हैडपंप सुधार के लिए कंट्रोल रूम गठित

**पन्ना।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उपखंड कार्यालय पन्ना द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों से पेयजल संबंधी शिकायतें प्राप्त कर हैडपंप सुधार के लिए तत्काल प्रभाव से विशेष कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। पन्ना, अजयगढ़ और गुनौर विकासखंड के लिए गठित कंट्रोल रूम में कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। अवकाश दिवस में सुबह 10 से शाम 6 बजे तक समयपाल शुभम द्विवेदी 9755610008 की ड्यूटी लगाई गई है, जबकि शेष दिवस में निर्धारित समय पर विकासखंड समन्वयक जीतेन्द्र बागरी 9399115885 तथा अनुरूद्ध कुमार चौरसिया 9340059260 की ड्यूटी तय की गई है। संबंधित कर्मचारियों को हैडपंप खराब होने की शिकायत प्राप्त होने पर पंजी में जानकारी अंकित कर हैडपंप मैकेनिक को तत्काल सूचित करने के लिए निर्देशित किया गया है। हैडपंप सुधार कार्य सूचना प्राप्ति के तीन दिवस के अंदर कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## कुर्सी-महंगवा रोड पर हादसा, अनियंत्रित बाइक पुलिया के नीचे गिरी, दो युवक बाइक में थे सवार



**अमानगंज।** कुर्सी-महंगवा रोड पर एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे गिर गई, जिससे बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर डायल 112 की टीम पहुंची। डायल 112 स्टाफ आरक्षक गोलू एवं पायलट मनीष ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। घायलों की पहचान देवराज चौधरी और रामकरण चौधरी (उम्र लगभग 30 वर्ष) निवासी श्री पाठा ग्राम के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि बाइक तेज रफ्तार में थी, जिससे चालक नियंत्रण खो बैठा और मोटरसाइकिल पुलिया के नीचे जा गिरी। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की जानकारी गुरुवार के शाम 7:00 बजे की बताई जा रही है।

### दमोह में खुला एएसआई का उपमंडल कार्यालय

# एएसआई का उप-मंडल कार्यालय धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन को नई दिशा मिलेगी- संस्कृति राज्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का उपमंडल कार्यालय शुरू होने से जिले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन को नई दिशा मिलेगी। अब तक पुरातत्व से संबंधित कार्यों और फाइलों के लिए अधिकारियों को जबलपुर जाना पड़ता था, जिससे काफी समय लगता था, लेकिन अब कार्यालय जिले में ही उपलब्ध होने से प्रक्रियाएं अधिक तेज और सुविधाजनक हो जाएंगी। इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, जबलपुर मण्डल के अंतर्गत उप-मण्डल कार्यालय दमोह के उद्घाटन के दौरान व्यक्त किये।

राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि दमोह जिला विरासत और पुरातत्व की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिले में नोहटा का शिव मंदिर, कोडल का प्राचीन शिव मंदिर, बांदकपुर धाम और कुंडलपुर धाम जैसे अनेक ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल मौजूद हैं। ऐसे में एएसआई के उपमंडल कार्यालय के खुलने से इन धरोहरों के संरक्षण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले के ऐतिहासिक स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित करने की योजना बनाई जा रही है। नोहटा क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए डिवाइडर और सौंदर्यीकरण जैसे कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ ही रानी दमयंती के किले का लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार कराया जाएगा, जहां लाइट एंड साउंड शो की भी व्यवस्था प्रस्तावित है।

विधायक जयंत मलैया ने कहा कि एएसआई के लिए पुराने गिरजाघर भवन का उपयोग किया जा रहा है, जो एक अच्छा और उपयोगी निर्णय है। उन्होंने इसके लिए कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की सराहना करते हुए कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र पांचवीं से आठवीं शताब्दी की ऐतिहासिक धरोहरों से समृद्ध है। एएसआई कार्यालय के शुरू होने से इन धरोहरों के संरक्षण के साथ-साथ उन स्थानों का भी पता लगाया जा सकेगा, जो अभी तक व्यापक रूप से सामने नहीं आ पाए हैं। उन्होंने कहा कि इससे न केवल ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण को बल मिलेगा, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और आने वाले समय में दमोह एक महत्वपूर्ण पर्यटन केंद्र के रूप में उभर सकता है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा एएसआई का कार्यालय खुलने से न केवल जिले की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण कार्य को गति मिलेगी, बल्कि दमोह को इसका सीधा लाभ भी प्राप्त होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी पहल से दमोह जैसे ऐतिहासिक जिले को यह महत्वपूर्ण सौगात मिली है। उन्होने कहा दमोह जिले के गांव-गांव में अनेक प्राचीन मठ, मंदिर और धार्मिक स्थल मौजूद हैं, जो वर्तमान में जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं। ऐसे स्थलों का संरक्षण और पुनरुद्धार अत्यंत आवश्यक है, ताकि जिले के समृद्ध इतिहास और धार्मिक विरासत को सुरक्षित रखा जा सके। अधीक्षण पुरातत्वविद् भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) शिवाकांत बाजपेयी ने बताया कि जिस भवन में कार्यालय स्थापित किया गया है वह ब्रिटिश काल की पुरानी इमारत है। पहले इसका उपयोग चर्च के रूप में किया जाता था, लेकिन पिछले कई वर्षों से यह परित्यक्त अवस्था में पड़ी हुई थी और इसका कोई उपयोग नहीं हो रहा था। स्थानीय स्तर पर इस भवन को 'गिरजाघर' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने बताया कि दमोह में एएसआई के उप-मंडल कार्यालय की स्थापना से जिले के राष्ट्रीय महत्व के संरक्षित स्मारकों की देखरेख और संरक्षण कार्यों में काफी सुविधा मिलेगी। अभी तक इन स्मारकों का संचालन सागर उप-मंडल कार्यालय के माध्यम से किया जाता था, लेकिन अब दमोह में अलग कार्यालय होने से पुरातात्विक गतिविधियों को गति मिलेगी और स्मारकों की सुरक्षा व रखरखाव बेहतर ढंग से हो सकेगा। अधीक्षण पुरातत्वविद् श्री बाजपेयी ने बताया वर्तमान में जिले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के 14 संरक्षित स्मारक स्थित हैं। नए कार्यालय के शुरू होने के बाद क्षेत्र में सर्वेक्षण कार्य भी तेज किए जाएंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, डॉ. आलोक गोस्वामी, भरत यादव, हरिशचंद्र पटेल( गुड्डू पटेल), संतोष रोहित, कृष्णा पटेल, गौरव पटेल, विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आलोक सोनवलकर ने किया।

## बालकृष्ण ने अपने अलौकिक स्वरूप का कराया दर्शन : उमाशंकर शास्त्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

विद्यानगर वार्ड क्रमांक 2 में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक उमाशंकर शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर विभिन्न लीलाओं का विस्तार से वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति और प्रेम का संदेश दिया। शास्त्री ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म अत्याचारी कंस के कारागार में आधी रात हुआ था, जिसके बाद उन्होंने अपनी बाल लीलाओं के माध्यम से भक्तों को धर्म और प्रेम का मार्ग दिखाया। कथा में पूतना राक्षसी व तृणावर्त के उद्धार, माखन चोरी तथा गोपियों के साथ की गई दिव्य लीलाओं का वर्णन करते हुए कथावाचक ने बताया कि बालकृष्ण की लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं बल्कि मानव जीवन के लिए गहन संदेश देती हैं। इन लीलाओं को सुनकर कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए और पूरे वातावरण में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बन गया। उमाशंकर शास्त्री ने गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने प्रकृति और पर्यावरण के महत्व को समझाने के लिए गोवर्धन पर्वत की पूजा का संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि मनुष्य को प्रकृति और वृक्षों का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि यही हमें जीवन के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान करते हैं। कथावाचक ने उपस्थित श्रद्धालुओं से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में लोगों ने ऑक्सीजन के महत्व को समझा, जब भरपूर धन देने के बाद भी ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं हो पाई। जबकि प्रकृति हमें यह अमूल्य वरदान निःशुल्क देती है। इसलिए हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। कथा के अंत में उपस्थित श्रद्धालुओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए कम से कम एक-एक वृक्ष लगाने का वचन दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी ने कथा का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

## कोटवार संघ के तहसील अध्यक्ष बने श्रीराम दहायत



**गैसाबाद।** जिला कोटवार संघ दमोह के निर्देशानुसार सर्वसम्मति से कोटवार संघ के पदाधिकारीयों की नियुक्तियां की गई जिसमें ग्राम गैसाबाद के कोटवार, श्रीराम दहायत को कोटवार संघ तहसील हटा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, श्रीराम दहायत की नियुक्ति पर ग्रामीण जनो ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी

## खेजरा धाम में श्रीमदभागवत कथा शुरू

**दमोह ।** सिद्ध धाम बजरंग ख़ेजरा धाम में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 11 मार्च से 17 मार्च तक पंडित श्री संजय शास्त्री जी के मुखारविंद से खेजरा धाम मंदिर में दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक कथा श्रवण कराई जाएगी । कथा बैठकी पर भव्य कलश यात्रा सागर नाका पुलिस चौकी स्थित मां संतोषी माता मंदिर से प्रारंभ होकर खेजरा धाम मंदिर प्रांगण पहुंची जहां पर महिलाएं पीले परिधान में अपने सिर पर कलश रखकर आगे आगे चल रही थी। वही बैंड बाजे डीजे के साथ सभी भक्त नाचते हुए शोभायात्रा में चल रहे थे । कलश यात्रा मंदिर प्रांगण पहुंची जहां आचार्य पंडित जी ने कथा व्यास पूजन कराया। उसके उपरांत पंडित संजय शास्त्री जी ने कथा के महत्व को बताया ।कथा श्रोता और आयोजक जीवनलाल पटेल ने समस्त नगर वासियों से आग्रह किया है कि कथा में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करें। वहीं इस कथा का सीधा प्रसारण पंडित संजय शास्त्री जी दमोह के यूटूब चैनल के माध्यम से किया जा रहा है।



## पेट्रोल, डीज़ल और गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य, पैनिक न करें- कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले में पेट्रोल, डीज़ल, सीएनजी (**CNG**) और घरेलू गैस की उपलब्धता को लेकर स्पष्ट किया है कि किसी प्रकार की कमी या आपूर्ति में बाधा नहीं है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और पैनिक की स्थिति उत्पन्न न करें। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया भारत सरकार से अभी अपडेट आया है कि भारतीय टैंकरों को आने की अनुमति मिल चुकी है, जिसके कारण तेल की आपूर्ति में किसी प्रकार की समस्या नहीं है। जिले के पेट्रोल पंपों पर भी पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल और डीज़ल उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस को लेकर भी कोई दिक्कत नहीं है। शुरुआती तौर पर जो समस्या सामने आ रही है, उसका मुख्य कारण लोगों द्वारा एक साथ बड़ी संख्या में टोल फ्री नंबर और वेबसाइट पर कॉल व हिट करना है। इससे कई बार सर्वर पर तकनीकी समस्या आ जाती है। कंपनियों के साथ लगातार संपर्क में रहकर इस समस्या को जल्द दूर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गैस कंपनियां मिस्ड कॉल के आधार पर भी बुकिंग दर्ज कर लेती हैं, इसलिए लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि राज्य सरकार और भारत सरकार इस विषय पर लगातार संपर्क में हैं और स्थिति की निगरानी कर रही हैं। हाल ही में मुख्य सचिव द्वारा सभी कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। उन्होने कहा, नागरिकों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया है। दमोह हेल्पलाइन नंबर 07812-350300 पर नागरिक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यहां खाद्य विभाग के अधिकारी और हेल्पलाइन टीम तैनात रहेगी, जो शिकायतों को संबंधित कंपनियों तक पहुंचाकर समाधान सुनिश्चित करेगी। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि कालाबाजारी, जमाखोरी और अनावश्यक स्टॉकिंग को रोकने के लिए अलग-अलग निगरानी दल भी गठित किए गए हैं। ये दल गैस एजेंसियों और अन्य आपूर्ति व्यवस्थाओं पर नजर रखेंगे ताकि पात्र उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध हो सके। जिला प्रशासन द्वारा गैस एजेंसियों के साथ प्रतिदिन स्टॉक की समीक्षा भी की जाएगी, जिससे आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी रहे और किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

## सुनार नदी को नर्मदा नदी से जोड़ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**हटा।** विधानसभा क्षेत्र हटा में जनमानस को हो रही विभिन्न समस्याओं के शीघ्र निदान हेतु ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को ज्ञापन सोपा। जिसमें उल्लेख कर बताया गया कि दमोह-पन्ना स्टेट हाईवे पर गैसाबाद ग्राम में व्यारमा नदी पर बने पुल पर जून 2025 से आवागमन बंद है। चूंकि नया पुल बनकर तैयार है, लेकिन पन्ना की ओर पुल की एप्रोच रोड नहीं बनी है, जिस कारण से पन्ना की ओर से आने वाली वाहनों का रूप परिवर्तित होने के कारण आम जनता के साथ साथ बाहर अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं हटा सिविल अस्पताल में प्रसूति महिला चिकित्सक नहीं है एवं एक्स-रे, सोनोग्राफी मशीन सालो से बंद पड़ी रही एवं अस्पताल अव्यवस्थाओं के कारण मरीज को दमोह अस्पताल रेफर कर दिया जाता है हटा अस्पताल में कोई भी सुविधा उपलब्ध नही है, इसके अलावा संपूर्ण बुन्देलखंड सहित हटा विधानसभा में पर्याप्त सिंचाई व्यवस्था नहीं है इसके लिए सुनार नदी के उद्गम स्थल से नर्मदा नदी नजदीक से निकलती है, उक्त नदी जोड़ो परियोजना के तहत नर्मदा नदी का जल सुनार नदी से जोड़ा जाए जो बुन्देलखंड के लिए अमृत परियोजना होगी। उक्त मांगों को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लेते शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष योगेश गोलू सराफ, रामनाथ राय, दीपेश पटेरिया, सुनील बजाज, लक्ष्मी पटेल, राजेश यादव, अंजार खान सहित अन्य कांग्रेसियों की उपस्थिति रही।

## टीम ने किया स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



कलेक्टर दमोह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आर के अठया के निर्देशानुसार निजी चिकित्सालयों और नर्सिंग होम के पंजीयन एवं नवीकरण की प्रक्रिया निरंतर जारी है। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा गठित निरीक्षण दल ने गुरुवार को लोक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा का निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार निजी अस्पतालों एवं नर्सिंग होम का पंजीयन एक निर्धारित समय सीमा के लिए किया जाता है। निर्धारित अवधि पूर्ण होने के बाद संस्थान के नवीकरण के लिए विभागीय टीम द्वारा निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच की जाती है। इसी प्रक्रिया के तहत सीएमएचओ द्वारा गठित टीम ने तेंदूखेड़ा स्थित लोक स्वास्थ्य केंद्र का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का बारीकी से अवलोकन किया। इसमें पैथोलॉजी लैब, एक्स-रे कक्ष, सोनोग्राफी कक्ष, वार्ड, भवन की संरचना तथा विद्युत व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच की गई। निरीक्षण दल ने अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाया जा सके। निरीक्षण के दौरान दल ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं को संतोषजनक पाया तथा लोक स्वास्थ्य केंद्र के कार्यों की सराहना भी की। निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर आगे की प्रक्रिया पूर्ण कर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अस्पताल के पंजीयन का नवीकरण किया जाएगा। लोक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा के संचालक डॉ. जे.पी. खरे ने निरीक्षण दल का स्वागत करते हुए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दमोह से आए निरीक्षण दल में डॉ. रीता चटर्जी, डॉ. गौरव जैन और दीपक जैन मुख्य रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

## विद्यालय के पास संचालित शराब दुकान हटाने की मांग, भगवती मानव कल्याण संगठन ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**अमानगंज।** थाना अमानगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुनवानी कला में संचालित शासकीय शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर गुरुवार को दोपहर 2 बजे भगवती मानव कल्याण संगठन के बैनर तले कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराया। इस दौरान ग्रामीणों ने अमानगंज तहसीलदार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर शराब दुकान का स्थान परिवर्तन करने की मांग उठाई। ज्ञापन में बताया गया कि गांव में संचालित शराब दुकान विद्यालय के समीप स्थित है, जिससे विद्यार्थियों तथा ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि दुकान के आसपास रोजाना शराबियों की भीड़ लगी रहती है और आए दिन शराबखोरी के कारण विवाद की स्थिति बनती रहती है। ग्रामीण महिलाओं ने नाराजगी जताते हुए कहा कि विद्यालय के बगल में संचालित शराब दुकान के कारण बच्चों और महिलाओं का निकलना मुश्किल हो गया है।

# सगरा में प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का जन्म व तप कल्याणक धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



धर्म नगरी सगरा में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव (आदिनाथ) का जन्म एवं तप कल्याणक उत्सव बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री 1008 पुष्पदंत जिनालय स्थित संत निवास में आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि श्री 108 प्रबुद्ध सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल भगवान के अभिषेक, पूजन और शांतिधारा से हुई। शांतिधारा का सौभाग्य प्रथम पदमचंद जैन, पिंटू जैन, अर्हम जैन तथा द्वितीय जयकुमार जैन, संदीप जैन, प्रदीप जैन निराला और मानस जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इसके पश्चात भगवान आदिनाथ के साथ आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का भी पूजन किया गया। इस अवसर पर मुनि श्री प्रबुद्ध सागर जी महाराज ने अपने प्रवचन में भगवान आदिनाथ के जीवन चरित्र का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि जैन आगमों के अनुसार भगवान ऋषभदेव को मानव सभ्यता का प्रथम मार्गदर्शक माना जाता है। उन्होंने ही मानव समाज को कृषि, व्यापार, लेखन, शिल्प, लिपि और सामाजिक व्यवस्था का ज्ञान प्रदान किया। मुनि श्री ने बताया कि भगवान ऋषभदेव का जन्म अयोध्या की पावन भूमि पर हुआ था, जो जैन धर्म के प्रमुख शाश्वत तीर्थों में से एक है। उन्होंने ही इक्ष्वाकु वंश की स्थापना की और समाज को आजीविका के लिए षट्कर्म—असि, मसि, कृषि, विद्या, शिल्प और वाणिज्य का उपदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान ऋषभदेव के ज्येष्ठ पुत्र चक्रवर्ती सम्राट भरत के नाम पर ही इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा। जैन और सनातन दोनों परंपराओं में इसका उल्लेख मिलता है। मीडिया प्रभारी प्रदीप जैन निराला ने बताया कि हाल ही में मुनि श्री 108 प्रबुद्ध सागर जी महाराज का धर्म नगरी सगरा में मंगल प्रवेश हुआ है। उनके आगमन से पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है और संभवतः उनकी ग्रीष्मकालीन वाचना भी सगरा में ही आयोजित हो सकती है। कार्यक्रम का संचालन पंडित मौसम शास्त्री ने किया, जिसमें संभव जैन और विकास जैन का सहयोग रहा। इस अवसर पर कोदूलाल जैन, दयाचंद जैन, जिनेश जैन, पदमचंद जैन, कमलेश जैन, रमेश जैन, महेंद्र जैन, अनिल जैन सहित सगरा और रीछई के सकल जैन समाज की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। शाम को आचार्य भक्ति, प्रश्न मंच और महाआरती जैसे धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ प्राप्त किया।

**पूरक अवार्ड में भी होगा 65 करोड़ से अधिक राशि का वितरण**

# केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना अंतर्गत 92 करोड़ 98 लाख रूपए से अधिक की मुआवजा राशि की गई है स्वीकृत

**पन्ना।**

देश की पहली राष्ट्रव्यापी नदी जोड़ो परियोजना अंतर्गत केन बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना के भू-अर्जन प्रकरणों का तत्परतापूर्वक निराकरण किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार एवं जिला प्रशासन के निर्देशन में पन्ना जिला अंतर्गत परियोजना के तहत 10 ग्रामों में सर्वे उपरांत नियमानुसार भू-अर्जन की कार्यवाही की गई है। विदित हो कि छतरपुर जिले की बिजावर तहसील के तहत केन नदी पर दौधन बांध तथा 218.60 किमी लम्बाई की केन-बेतवा लिंक नहर का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। परियोजना के तहत पन्ना जिले के डूब से प्रभावित वन भूमि के बदले 10 ग्रामों में कुल शासकीय भूमि 915.685 हे. तथा 693.859 हे. निजी भूमि का अधिग्रहण कर वन विभाग को हस्तांतरित किया जा चुका है।केन बेतवा परियोजना के लिए पन्ना जिला अंतर्गत आठ ग्रामों क्रमशः अमानगंज तहसील के मरहा, कूड़न एवं खमरी तथा पन्ना तहसील के गहदरा, कटहरी-बिलहटा, कोनी, मझौली एवं डोंडी के निजी एवं शासकीय भूमि का अर्जन किया गया है, जबकि अमानगंज तहसील के रजपुरा एवं उड़ला ग्राम की शासकीय भूमि अर्जित की गई। 644 पक्षकारों के निजी भूमि का अर्जन कर 92 करोड़ 98 लाख 55 हजार 687 रूपए मुआवजा राशि स्वीकृत की गई थी। ई-पेमेंट के माध्यम से 83 करोड़ 29 लाख 30 हजार 743 रूपए का भुगतान किया जा चुका है। 30 पक्षकारों के हक हिस्सा के संबंध में न्यायालयीन विवाद व खाता त्रुटि के कारण 9 करोड़ 69 लाख 24 हजार 944 रूपए का भुगतान शेष है, जिसका शीघ्र निराकरण कर भुगतान की कार्यवाही की जाएगी। इस क्रम में राष्ट्रीय परियोजना अंतर्गत 7 ग्रामों की छूटी हुई भूमि व मकानों के अर्जन के लिए विभाग के पूरक प्रस्ताव के आधार पर भी निजी भूमि व मकान का अर्जन कर 23.268 हे. एवं वनाधिकार पट्टों की भूमि व मकान रकवा 153.950 हे. भूमि का अर्जन किया गया। इसमें 1291 पक्षकारों को 65 करोड़ 5 लाख 65 हजार 45 रूपए स्वीकृत किए गए, जबकि 1121 हितग्राहियों को 53 करोड़ 72 लाख 14 हजार 799 रूपए का भुगतान किया जा चुका है। शेष 170 हितग्राहियों को 11 करोड़ 33 लाख 50 हजार 246 रूपए के भुगतान की कार्यवाही शेष है।

### साढ़े 12 लाख का एकमुश्त पुनर्वास पैकेज-

केन बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना अंतर्गत बांध निर्माण के लिए भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 के तहत प्रभावित परिवारों के प्रत्येक व्यक्ति को पुनर्वास पैकेज अनुसार साढे. 12 लाख रूपए की राशि सहमति अनुसार 7 ग्राम व उनके पूरक ग्रामों के 1231 परिवारों को एक अरब 53 करोड़ 87 लाख 50 हजार रूपए राशि स्वीकृत की गई। जिसके तहत 1229 परिवारों को एक अरब 53 करोड़ 62 लाख 50 हजार रूपए का भुगतान किया गया है, जबकि दो परिवारों को 25 लाख रूपए की राशि का भुगतान शेष है। 21 जनवरी 2022 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले प्रभावित परिवार के प्रत्येक व्यक्ति को इसका लाभ प्रदान किया गया है।

## खबर संक्षेप

### 7 मई से प्रारंभ होगी परीक्षा

**दमोह।** विगत वर्ष 2025 से माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मुख्य परीक्षा की तरह द्वितीय अवसर की भी परीक्षा आयोजित की जाती है, जिसमें विद्यार्थी एक विषय अथवा एक से अधिक विषयों की परीक्षा देकर अपना परीक्षा परिणाम सुधार सकता है। मुख्य परीक्षा के दौरान यदि किसी विद्यार्थी का कोई भी प्रश्न पत्र यदि ठीक नहीं गया है अथवा रिजल्ट आने के बाद उसे एक से अधिक विषयों में अपनी परीक्षा परिणाम में संतुष्टि नहीं है तो ऐसे विद्यार्थी पुनः परीक्षा में बैठ सकते हैं, इसी तरह अनुत्तीर्ण विद्यार्थी भी पुनः अपनी परीक्षा देकर परीक्षा परिणाम सुधार सकते हैं, परीक्षा 7 मई से प्रारंभ होगी तथा जून के अंत तक परीक्षा परिणाम घोषित हो जाएगा। जिससे किसी भी विद्यार्थी का साल बर्बाद नहीं होगा इसके अलावा द्वितीय अवसर की परीक्षा की अंकसूची बिल्कुल प्रथम अवसर की अंकसूची की तरह ही होगी।

### नशा मुक्ति रैली और स्वच्छता अभियान

**तेंदूखेड़ा।** बुधवार को अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय तेंदूखेड़ा द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम बम्होरी स्थित आईटीआई भवन में किया जा रहा है। यह शिविर महाविद्यालय के प्राचार्य शंकर सिंह ठाकुर के निर्देशन में संचालित हो रहा है। शिविर के छठवें दिन विभिन्न सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के पुरुष इकाई प्रभारी यशवंत अहिरवाल एवं महिला इकाई प्रभारी श्रीमती सुमन अहिरवार के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया तथा समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने "नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो" जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से जनसामान्य को जागरूक किया।

### प्रवेश परीक्षा 15 मार्च को

**दमोह।** परम फाउंडेशन, तकनीकी शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग, मध्यप्रदेश शासन तथा पैन IIT एलुमनाई फाउंडेशन की SPV द्वारा संचालित कौशल कॉलेज में ITI एवं ANM कोर्स हेतु प्रवेश परीक्षा 15 मार्च को पॉलिटेक्निक कॉलेज, दमोह में आयोजित की जाएगी।

दमोह–जबलपुर हाईवे पर आधी रात भीषण हादसा, रेस्क्यू कर बचाई जान

# दो ट्रकों में जोरदार भिड़ंत चालक ब्रेक पैडल में फंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा/बनवार





दमोह–जबलपुर स्टेट हाईवे पर बुधवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। नोहटा थाना क्षेत्र में ब्यारमा नदी सेतु पार मोड़ और रेस्ट हाउस जाने वाले झीन्ना तिग्गड्डे के पास रात करीब 12 बजे दो आईसर ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों ट्रकों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में दमोह से जबलपुर की ओर जा रहे ट्रक क्रमांक MP-15-G-5466 के चालक युवराज साहू (पिता पूरनलाल साहू), निवासी डोंगसरा थाना सानोदा का पैर ट्रक के ब्रेक पैडल में बुरी तरह फंस गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। ड्यूटी पर तैनात आरक्षक कुलदीप सोनी और स्टाफ ने डायल-112 वाहन में रखे कटर से ट्रक की चद्दर काटी। इसके बाद ट्रैक्टर की मदद से ट्रक के अगले हिस्से को खींचकर अलग किया गया। काफी मशक्कत के बाद घायल चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके बाद घायल चालक को एनएचएआई की 1033 एंबुलेंस से तत्काल दमोह जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसका उपचार जारी है।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक MP-15-G-5466 दमोह से जबलपुर की ओर जा रहा था, जबकि दूसरा ट्रक MP-20-6A-6835 जबलपुर से दमोह की ओर आ रहा था। बताया जा रहा है कि हादसे के समय चालक को नींद की झपकी आ गई थी। सामने से आ रहे ट्रक चालक ने वाहन को सड़क किनारे करने की कोशिश की, लेकिन तब तक दोनों ट्रक आमने-सामने टकरा गए। नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटेल ने बताया कि दुर्घटना में एक ट्रक चालक घायल हुआ है, जिसका पैर ब्रेक पैडल में फंस गया था। उसे रेस्क्यू कर जिला अस्पताल भेजा गया है। दोनों ट्रकों को मुख्य सड़क से हटाकर किनारे कर दिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। गनीमत रही कि इस हादसे में अन्य कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि आधी रात हाईवे पर हुई इस भीषण टक्कर से क्षेत्र में देर तक सनसनी का माहौल बना रहा।

चार घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

# बनवार बीट की ऊर्जावान नर्सरी में भीषण आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



गर्मी की शुरुआत के साथ ही जंगलों में आग की घटनाएं बढ़ने लगी हैं और वन विभाग के सामने इन्हें नियंत्रित रखना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इसी बीच सागोनी वन परिक्षेत्र की बनवार बीट में स्थित ऊर्जावान नर्सरी में गुरुवार दोपहर अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि पररवाहा तिग्गड़ा के पास स्थित नर्सरी से धुआं और लपटें उठती देख आसपास के लोगों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और गीली झाड़ियों व उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। हालांकि तेज हवाओं के कारण आग तेजी से फैलने लगी, जिससे हालात कुछ देर के लिए बेकाबू हो गए। स्थिति को देखते हुए हिंडोरिया से फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाया गया। इसके बाद वन विभाग के कर्मचारियों और दमकल टीम ने करीब चार घंटे तक लगातार मशक्कत कर आग पर काबू पाया। वन परिक्षेत्र अधिकारी अखिलेश चौरसिया ने बताया कि बनवार बीट की ऊर्जावान नर्सरी में दोपहर के समय अज्ञात कारणों से आग लगी थी। वन विभाग के स्टाफ और हिंडोरिया से पहुंची फायर ब्रिगेड की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझा लिया गया। उन्होंने बताया कि आग में घास-फूस और झाड़ियां जली हैं, लेकिन राहत की बात यह रही कि नर्सरी के पेड़-पौधों को कोई बड़ी क्षति नहीं पहुंची है। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। गर्मी के शुरुआती दौर में ही जंगलों में आग की घटना ने वन विभाग की चिंता बढ़ा दी है। अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने के साथ ऐसे खतरे और भी बढ़ सकते हैं, इसलिए सतर्कता बरतना बेहद जरूरी है।

## जबेरा में शिकायत के बाद रातों-रात जेसीबी से फैलाई मिट्टी

**जबेरा** जनपद पंचायत के ग्राम सिग्रामपुर में करीब एक करोड़ रुपए की लागत से बनाए जा रहे खेल मैदान का निर्माण कार्य पूर्ण होने से पहले ही विवादों में घिर गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि मैदान के प्लिथ में स्थानीय तलैया से निकाली गई अमानक मिट्टी का उपयोग किया गया है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्राम निवासी अजय राय सहित अन्य ग्रामीणों ने इस संबंध में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा आरईएस के एसडीओ शिवाजी गौड से शिकायत भी की थी। इसके बाद एसडीओ ने निर्माण कार्य रुकवाने और अमानक मिट्टी हटवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन विभागीय जांच होने से पहले ही निर्माण एजेंसी ने जेसीबी और ट्रैक्टरों के माध्यम से उसी रात मिट्टी को पूरे मैदान में फैला दिया। इससे ग्रामीणों में नाराजगी और बढ़ गई। ग्रामीणों का आरोप है कि जांच से पहले ही सबूत मिटाने की कोशिश की गई। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में एसडीओ शिवाजी गौड ने कहा कि अब मिट्टी के ऊपर मुरम और बजरी डाली जाएगी, जिससे उसमें सुधार हो जाएगा।

# श्री आदिनाथ जयंती पर श्री जी की भव्य शोभायात्रा निकली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



देवाधिदेव आदि ब्रह्म, युग दृष्टा, असी मसी कृषि के जनक जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभ देव भगवान श्री आदिनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव देश दुनिया के साथ दमोह में भी भक्ति मय उल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर सभी जैन मंदिरों में विभिन्न आयोजन किए गए वही श्रीजी की भव्य शोभा यात्रा भी निकाली ग्ल्मं भगवान आदिनाथ जयंती महोत्सव चैत्र कृष्ण नवमी के अवसर पर गुरुवार को शहर के सिटी नल से प्रातः बेला में श्री जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

इस अवसर पर विमान जी में श्री जी को विराजित करके नगर भ्रमण किया गया। शोभायात्रा में आचार्य श्री विद्यासागर एवं आचार्य श्री समय सागर जी के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री पदम सागर जी एवं क्षुल्लक श्री तात्पर्य सागर जी के साथ आर्यिका वीर नंदनी जी, आर्यिका श्रुत नंदनी जी, क्षुल्लिका शुद्ध नंदनी जी एवं क्षुल्लिका शुभ नंदनी जी माता जी भी शामिल हुई। सिटी नल से पुराना थाना, टॉकीज तिराहा, घंटाघर, नया बाजार, पलंदी मंदिर, धगट चौराहा, चौधरी मंदिर बड़ा मन्दिर होते हुए शोभायात्रा सिटी नल पहुंचकर संपन्न हुई। रास्ते में जगह-जगह रंगोली सजाकर शोभा यात्रा की अगवानी की गई। श्री जी की आरती की गई। मुनि श्री का पाद प्रछालन किया गया। इस अवसर पर जैन पंचायत के अध्यक्ष सुधीर सिंघई, महामंत्री पदम जैन, भाई जी मंदिर के अध्यक्ष पवन जैन चश्मा, पलंदी मंदिर के अध्यक्ष गुड्डू बजाज, ब्रह्मचारी मोनू भैया स्वतंत्र भैया गोलू भैया रोहित भैया पंडित सुरेश शास्त्री के साथ सिंघई एवं नन्हे मंदिर के पदाधिकारी, आसामी एवं श्रावको महिलाओं सहित बड़ी संख्या में सकल जैन समाज के लोगों की मौजूदगी रही। शोभायात्रा संपन्न होने के बाद मुनि श्री पदम सागर जी के सानिध्य में सिंघई मंदिर जी में भगवान आदिनाथ का अभिषेक शांति धारा एवं भक्तांबर विधान संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुनि श्री की दिव्या देशना का लाभ भी सभी को प्राप्त हुआ। इधर नन्हे मंदिर जी में छुलल्क श्री तात्पर्य सागर जी के सानिध्य में भगवान आदिनाथ का अभिषेक शांति धारा बड़े बाबा पूजन एवं भक्तांबर विधान संपन्न हुआ। इसके अलावा नगर के सभी जैन मंदिरों में प्रातः बेला में अभिषेक शांति धारा भक्तांबर विधान सहित अन्य भक्ति मय आयोजन करके भगवान आदिनाथ का जन्म तप कल्याण महोत्सव मनाया गया।

# सुनार नदी में करंट लगने से युवक की मौत



**हटा।** नगर में रेस्ट हाउस के समीप सुनार नदी में फिल्टर के पास एक दर्दनाक हादसे में 48 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही डायल-112 और हटा थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी ने मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करते हुए मामले की जांच शुरू की। मृतक की पहचान परम राम रैकवार के रूप में हुई, जो शास्त्री वार्ड, हटा के निवासी थे। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि सुबह नदी की ओर जा रहे बलधारी पटेल ने एक व्यक्ति को मृत अवस्था में नदी में देखा और तुरंत परिजनों को सूचित किया। परिजनों ने शव को नदी से निकालकर घर के समीप रखा। मृतक की पत्नी ने बताया कि परम राम बीती रात घर नहीं लौटे थे वे कभी-कभी खाना बनाने के ऑर्डर पर काम करते थे और मछली पकड़कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। परिजनों ने आरोप लगाया कि नदी के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन के कारण करंट फैलने से यह हादसा हुआ। घटना को गंभीरता से देखते हुए बिजली विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई और परिजनों के बयान के आधार पर पंचनामा तैयार कार्यवाही कर शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंपा गया। घटना में गौर करने वाली बात है कि नदी के इस पर से लेकर उसे पर तक लंबी लाइन डाली जाने पर बिजली विभाग को नियमित जांच करनी चाहिए ताकि इस प्रकार की दुर्घटनाओं से बचा जा सके। यह घटना बिजली विभाग की घोर लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े करती है और उम्मीद है कि संबंधित अधिकारी जल्द ही उचित कदम उठाएंगे।

**बिजली विभाग की लापरवाही पर सवाल**

**उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित-** **दमोह।** म.प्र. डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जिला दमोह में, मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण फूलपगारे की अध्यक्षता में 12 मार्च को सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र, पॉलिटेक्नि क कॉलेज परिसर में जिले में गठित 28 उत्पादक समूहों की समीक्षा बैठक एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिला परियोजना प्रबंधक शैलेन्द्र श्रीवास्तव, जिला प्रबंधक ₹कृषि₹ सतीश शर्मा, राजेंद्र उपाध्याय, ओमप्रकाश मिश्रा, अंकित खरे, सिद्धार्थ तांबे के साथ 28 उत्पादक समूहों के सदस्य उपस्थित रहे। समीक्षा/कार्यशाला के दौरान उत्पादक समूहों की समीक्षा करते हुए उत्पादन, ट्रेडिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए प्रशिक्षण दिया गया। चर्चा में मुख्यतः उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग, और सही तरीके से मार्केटिंग पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी है, ताकि बाजार में उत्पादों को मार्केटिंग के बेहतर विकल्प मिलें और उनकी बिक्री बढ़ सके। उत्पादक समूह का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के गरीब एवं असंगठित किसानो का उत्पादन इकट्ठा कर उसे बाजार उपलब्ध करवाना है। इसी श्रृंखला में प्रत्येक सीजन में आने वाली फसलों को लक्षित कर किसी एक या दो प्रकार की फसलों का संग्रहण करना, ग्रेडिंग करना, पैकेजिंग करना और उन्हें बाजार में उतारना इस विषय पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा विस्तार से चर्चा की गई एवं जिला परियोजना प्रबंधक के द्वारा उत्पादक समूह क्या होते हैं, चर्चा कर बताया गया।

## शासकीय शिक्षकों की जेपीबी दमोह में बैठक का आयोजन

**दमोह।** शाम 5 बजे शासकीय शिक्षक संगठन के आवाहन पर संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में जे पी बी दमोह में बैठक का आयोजन आगामी 13 मार्च 2026 के जिला स्तरीय ज्ञापन के संबंध में किया गया। बैठक में आगामी टीईटी परीक्षा व वरिष्ठता के संबंध में सभी संगठनों के पदाधिकारी द्वारा चर्चा कर सामूहिक निर्णय लिया गया की सभी लोग आगामी 13 मार्च 2026 को शाम 4:30 पर कलेक्ट्रेट कार्यालय दमोह में ज्ञापन देने हेतु अधिक से अधिक संख्या में शामिल होंगे। उक्त बैठक में संयुक्त मोर्चा के संरक्षक राकेश हजारी अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, स्वास्थ कर्मचारी संगठन के के आर पांडे, शिक्षक कांग्रेस के विवेक दुबे, अटल संविदा संघ के राम बिहारी विश्वकर्मा, आजाद अध्यापक संगठन के खिलान सिंह ठाकुर, शासकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री आसिफ अंजुम, शासकीय शिक्षक संगठन के जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह ठाकुर, नीरज नायक, विष्णु शर्मा, धीरेंद्र दुबे, आनंद पटेल, उत्तम पटेल, नन्हे भाई राठौर, निर्भय तंतुवाय, दीपक जैन, संदीप चतुर्वेदी, राजू विश्वकर्मा, आशीष सोनी, बटियागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष भगवत सिंह, श्रीमती प्रभा अहिरवाल, श्रीमती रेखा सिंह, श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव, आशीष सोनी आदि शिक्षक शिक्षिकाएं बैठक में उपस्थिति रहे। बैठक की समाप्ति पर ब्लॉक अध्यक्ष राजेश पाठक के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

55 अधिकारी-कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

# सूचना का अधिकार अधिनियम विषयक दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**दमोह।** भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 विषयक दो दिवसीय जिलास्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला कलेक्ट्रेट दमोह के ई-दक्ष केंद्र में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों में पदस्थ लोक सूचना अधिकारी, सहायक लोक सूचना अधिकारी तथा कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण दो बैचों में आयोजित किया गया, जिसमें प्रथम बैच में 25 तथा द्वितीय बैच में 30 अधिकारियों सहित कुल 55 अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान वरिष्ठ प्रशिक्षक हर्षा मिश्रा एवं प्रशिक्षक शिवम् अरजरिया द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों, आवेदन प्रक्रिया, समय सीमा, अपील प्रक्रिया तथा सूचना उपलब्ध कराने से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 नागरिकों को आवश्यकता पड़ने पर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है। यह अधिनियम नागरिकों को सार्वजनिक अधिकारियों और उनके कार्यों के संबंध में जानकारी मांगने का अधिकार देता है, जिससे शासन-प्रशासन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो पारदर्शिता और जवाबदेही के माध्यम से नागरिकों और प्रशासन के बीच विश्वास को मजबूत करता है।

# बस स्टैंड पर ग्रामीणों को किया जागरूक

### अटल पेंशन व प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की दी जानकारी



**जबेरा।** जबेरा नगर में गुरुवार की शाम को मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा जबेरा के द्वारा नाटक नुक्कड़ के माध्यम से इस समय ग्राम वासियों को साइबर ठगी ब प्रधानमंत्री बीमा योजना के लिए जागरूक किया जा रहा है। ब्रांच मैनेजर स्वतंत्र सक्सेना के निर्देशन में बस स्टैंड जबेरा में नाटक नुक्कड़ का आयोजन किया गया नाटक नुक्कड़ के माध्यम से साइबर ठगी से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि साइबर ठगी गांव-गांव में बढ़ रही है एक ओटीपी,एक क्लिक और लालच से आपकी मेहनत की कमाई छिन सकती है इसलिए किसी के साथ भी ओटीपी शेयर न करें यदि सायबर ठगी का शिकार होते हैं तो तुरंत 1930 पर कॉल करें। इसके उपरांत दुर्घटना बीमा योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी दी।जिसमें एक वर्ष की मामूली प्रीमियम 20 रुपए ब 436 रूपये देकर 2 लाख रूपये का बीमा योजना का लाभ ले सकते हैं। इसके उपरांत अटल पेंशन योजना की जानकारी दी जिसमें कम से कम निवेश कर बुढ़ापे में अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान ब्रांच मैनेजर स्वतंत्र सक्सेना, स्टाफ विनय प्रभाकर,रवि सेन मैसेंजर मनोज मेहरा की उपस्थिति रही।

## पट्टाचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ का मंगल पदार्पण 14 मार्च को

**दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र, जैन तीर्थ कुण्डलपुर की पावन धरा पर परम पूज्य गणाचार्य श्री 108 विरागसागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य प. पू.पट्टाचार्य श्री 108 विशुद्धसागर जी महाराज ससंघ का 14 मार्च 2026 दिन शनिवार को प्रातः 8:00 बजे भव्य मंगल प्रवेश होने जा रहा है। प्रचार मंत्री जयकुमार जैन जलज ने बताया कि आचार्य संघ बड़े बाबा के मंदिर पहुंचकर पूज्य बड़े बाबा के दर्शन करेंगे। आचार्य संघ की आहारचर्या कुण्डलपुर में संपन्न होगी। श्रद्धालु भक्तों से अनुरोध है कि कुण्डलपुर पधारकर आचार्य श्री ससंघ की भव्य अगवानी में उपस्थिति प्रदान करके सातिशय पुन्यार्जन करें।

**डिग्री गुमने की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं दीपांशु जैन जैन पिता देवेन्द्र कुमार जैन निवासी नियर पारस हॉस्पिटल सिविल वार्ड न. 8 सागर रोड दमोह ने डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर से 2013 में MBA कोर्स पूर्ण किया है। मेरी ओरिजिनल डिग्री (रोल नंबर-1467257) कहीं खो गई है, जो काफी तलाशने पर भी नहीं मिल रही है। यदि यह किसी को मिले तो कृपया फोन नबर 9165661763 पर सूचित करें। इसके दुरुपयोग के लिए में जिम्मेदार नहीं हूँ।

दीपांशु जैन/प्रिंस जैन
पिता देवेन्द्र कुमार जैन
सिविल वार्ड न. 8 सागर रोड दमोह

**नाम सुधार सूचना**

मैं खुशबु पाण्डेय उम्र 36 वर्ष पति डॉ. विराज मोहन पाण्डे निवासी 189, चण्डी जी वार्ड हटा जिला दमोह म.प्र. 470775 निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूँ। यह कि मेरा विवाह हटा निवासी डॉ. विराज मोहन पाण्डे से हुआ हैं। यह कि विवाह पूर्व मेरा उपनाम (सरनेम) ''तिवारी'' था विवाह के बाद उपनाम ''पाण्डे'' हो गया हैं। यह कि वर्तमान में मेरा नाम खुशबु तिवारी की जगह ''खुशबु पाण्डे'' ही पढ़ा जाये और इसी नाम से मुझे पहचाना जायेगा। यह कि आधार कार्ड क्रं 825784269657 में मेरा नाम खुशबु पाण्डे ही दर्ज हो गया हैं। जो सही व सत्य हैं।

स्थान : हटा
दिनांक : 10/03/2026 शपथकर्ता